नमो नमो गणपति देवाय

नमो नमो नमो गणपति देवाय....

हे गणपत सबके हितकारी,
पूजे तुझको सब नर नारी,
सबसे पहले हो तेरी पूजा,
उसके बाद में देव है दूजा हो.....
ॐ नमो नमो नमो गणपति देवाय

गौरा माँ का लाल तु प्यारा,
विघ्न हर्ता नाम तुम्हारा,
एक दन्त कोई कहे लम्बोदर,
कहे गजानन ये जग सारा,
भक्तों के सब काज सँवारे,
मैं भी आया तेरे द्वारे हो.....
ॐ नमो नमो नमो गणपति देवाय

रिद्धि सिद्धि के तुम हो स्वामी,
शुभ लाभ के तुम हो दानी,
सबके तु भण्डार है भरता,
मेरी भी नैया पार लगानी,
मेरा भी उद्धार तु कर दे,
मेरा बेडा पार तु कर दे हो....
ॐ नमो नमो नमो गणपति देवाय

सबसे पहले तुझको मनाएं,
लड्डुअन का तुझे भोग लगाएं,
हे गणपति महाराज पधारो,
भक्त हैं बैठे आस लगाए,
विजयराज पे कृपा करना,
जपता है ये नाम तुम्हारा हो....
ॐ नमो नमो नमो गणपति देवाय

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28676/title/namo-namo-ganpati-devaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |